## एक नजर में

### विश्वकर्मा समाज समिति ने एल्डरमैन का स्वागत किया

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** ब्यावरा नगर पालिका में वरिष्ठ पार्षछ नियुक्त होने पर श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा को विश्वकर्मा समाज समिति राजगढ़ के सदस्यों ने एकत्रित होकर विश्वकर्मा मंदिर पर स्वागत किया. इस मौके पर सदस्यों ने मिठाई बांटकर उनका मुंह मीठा किया और समाज को प्रतिनिधित्व देने पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार का आभार व्यक्त किया.

### स्कूल परिसर में घूम रहे आवारा मवेशी

**पडाना 01 अगस्त, सं.** नगर के बीचों-बीच स्थित शासकीय कन्या एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. स्कूल चारों ओर से पक्की बिल्डिंग से घिरा है, लेकिन मुख्य दरवाजा खुला रहने के कारण आवारा मवेशी आसानी से परिसर में घुस आते हैं. इस स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक की लगभग 100 लगभग छात्राएं पढ़ाई करती हैं. गेट खुलते ही गाय, सांड कुत्ते और अन्य मवेशी सीधे स्कूल के अंदर आकर घूमने लगते हैं. परिसर में गोबर और गंदगी के कारण फिसलन बनी रहती है. एक अभिभावक ने कहा चारों तरफ बिल्डिंग है पर गेट पर कोई रोक-टोक नहीं. अगर कोई मवेशी सींग मार दे या बच्ची गिर जाए तो जिम्मेदार कौन होगा? उक्त समस्या को लेकर स्कूली छात्राओं और उनके अभिभावकों में गहरी चिंता जाहिर की है.

### छापी बांध से विशाल कांवड़ यात्रा आज

**जीरापुर 01 अगस्त, सं.** गिरीराज भक्त मंडल के तत्वाधान में प्रथम बार नगर से रविवार को छापी बांध से विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी. मंडल के सदस्यों ने बताया कि यात्रा के लिए प्रातः 8 बजे छापी बांध पर एकत्रित होकर कावड़ की पूजा-अर्चना के उपरांत यात्रा शुरू की जाएगी .कावड़ यात्रा छापी बांध से खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चौराहा, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराहा, माचलपुर रोड़ ब्रिज से मुख्य सड़क मार्ग से कोडक्या ,माचलपुर , गोघटपुर होते हुए गोघटपुर मठ पहुंचेगी. मठ पहुंचकर कांवड़ियों द्वारा भगवान महादेव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा. यात्रा के दौरान जगह-जगह शिवभक्तों का स्वागत किया जाएगा.

# बैंक मैनेजर के घर चाकू की नोक पर लूट

## घर पर अकेली महिला को बंधक बनाया, चाकू के दम पर एक घंटे से ज्यादा समय दहशत मचाई

### बदमाशों ने चाकू की नोक पर महिला को बंधक बनाया

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 01 अगस्त, सं. खिलचीपुर नगर में शुक्रवार देर रात सनसनीखेज लूट की वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के महल से कुछ ही दूरी पर वार्ड ऋमांक-8 में रहने वाली 50 वर्षीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता जादौन के घर में तीन नकाबपोश बदमाश घुस गए. बदमाशों ने चाकू की नोक पर महिला को बंधक बनाया, उसके साथ मारपीट की और करीब 4 लाख रुपये नकद, सवा दो तोला सोना तथा 50 ग्राम चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए.**

जानकारी के अनुसार बदमाश घर के पीछे स्थित बगीचे की ओर से आए. यह बगीचा पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के परिसर से लगा हुआ बताया जा रहा है. तीनों बदमाश दीवार फांदकर घर के पीछे पहुंचे और खुली खिड़की के रास्ते अंदर दाखिल हो गए. उस समय घर में ममता जादौन अकेली थीं. उनका बेटा आष्टा में बैंक मैनेजर है और पत्नी के साथ वहीं रहता है.



### जान से मारने वाले थे, छलांग लगाकर जान बचाई

पीड़िता के अनुसार बदमाश आपस में लगातार बातचीत कर रहे थे. वे महिला को कमरे में बंद करने और वारदात के बाद खत्म करने की बात कर रहे थे. बदमाशों की बात सुनकर महिला सहम गई. बदमाश उन्हें कमरे में बंद कर घर के अन्य हिस्सों की तलाशी लेने लगे. मौका मिलते ही महिला ने हिम्मत दिखाई. उन्होंने कमरे की कुंडी अंदर से बंद की और उसी खिड़की से, जिससे बदमाश अंदर आए थे, करीब आठ फीट नीचे बगीचे में छलांग लगा दी. वहां से दौड़ते हुए गली तक पहुंचीं और शोर मचाकर लोगों को बुलाया.

### 20 मिनट तक घर में रहे, रेकी की आशंका

बताया जा रहा है कि बदमाश करीब 20 मिनट तक घर के अंदर रहे. उन्होंने बिना किसी जल्दबाजी के पूरे घर की तलाशी ली. इससे पुलिस को आशंका है कि वारदात से पहले घर की रेकी की गई थी और आरोपियों को घर की पूरी जानकारी थी. पुलिस जांच के दौरान घर से एक मोबाइल फोन और नकाब का कपड़ा बरामद हुआ है. आशंका जताई जा रही है कि यह सामान बदमाशों का हो सकता है. पुलिस मोबाइल की जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं.

### गर्दन पर चाकू रखकर दहशत मचाई, जान सांसत में आई



ममता जादौन ने बताया कि रात में अचानक कमरे में आवाज आने पर उनकी नींद खुली. सामने एक नकाबपोश युवक हाथ में बड़ा चाकू लिए खड़ा था. जैसे ही उन्होंने शोर मचाने की कोशिश की, बदमाश ने उनकी गर्दन पर चाकू रख दिया और धमकी दी कि यदि आवाज निकाली तो जान से मार देंगे. घर के अंदर कुल तीन बदमाश थे। एक बदमाश महिला को बंधक बनाए रहा, जबकि बाकी दो पूरे घर की तलाशी लेते रहे. बदमाशों ने महिला के कानों के टॉप्स, गले की चेन, सोने की अंगूठी और हाथों में पहने चांदी के कड़े उतरवा लिए. विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई. बदमाशों ने उन्हें थप्पड़ मारे, जिससे उनका सिर दीवार से टकरा गया और उन्हें चोट आई. इसके बाद बदमाशों ने अलमारी, गोदरेज, बैग और अन्य सामान खंगालकर करीब 4 लाख रुपये नकद, सवा दो तोला सोने के आभूषण और लगभग 50 ग्राम चांदी के जेवर निकाल लिए.

### पुलिस लुटेरों की जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही खिलचीपुर थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, आसपास के लोगों से पूछताछ की और बदमाशों के आने-जाने के संभावित रास्तों की जांच शुरू कर दी है. बरामद मोबाइल, नकाब और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं.

### विकासखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**जीरापुर 01 अगस्त, सं.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा नगर परिषद मीटिंग हॉल में विकासखंड स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक प्रवीण पवांर उपस्थित रहे. उन्होंने परिषद की आगामी गतिविधियों जैसे हरियाली यात्रा, स्वच्छता पखवाड़ा, एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान, तिरंगा यात्रा तथा बीएमएस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया. भाजपा मंडल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा ने प्राकृतिक कृषि पद्धतियों तथा किसानों के लिए इसके लाभों पर प्रशिक्षण दिया. कृषि को लाभ का धंधा एपीओ कैसे काम करता है उस पर विस्तार से मार्गदर्शन किया. इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक बीरम सिंह परमार ने वर्तमान परिस्थितियों एवं परिषद की आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए सभी नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों सदस्यों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया. बैठक में विकासखंड के नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह , दिनेश लववंशी , दिलीप किरार , मनीष कुंभकार , इंदर सिंह चौहान सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे.



# कटरा के लिए जत्था रवाना हुआ, रोज सौ किमी चलेंगे

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 01 अगस्त, सं. विश्व मंगल की कामना को लेकर नगर से 8 युवकों का जत्था साइकिल लेकर वैष्णव देवी यात्रा के लिए रवाना हुआ. परलापुरा के समाजसेवी मोहन सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में दिलीप मेहर ,पदम सिंह कुशवाहा, संतोष कुशवाहा परलापुरा, रामबाबू सौंधिया शेखपुरा, सुमित कुशवाहा मऊ, जयसिंह कुशवाहा देहरी को परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर में पुजा अर्चना के बादर फुल मालाओं से स्वागत कर गाजे बाजे के साथ नगर में प्रभावी जुलूस निकाला. श्रीराम मंदिर गांधी चौक सदर बाजार होते हुए यात्री महावीर आश्रम पहुंचे.**

वहां सभी यात्रियों ने हनुमान जी महाराज से मंगल यात्रा की कामना की . इसके पश्चात यात्री मधुसुदनगढ रोड होते हुए सुंदरमयी वैष्णव देवी मंदिर पहुंचे माताजी के दर्शन उपरांत पूर्व नपं अध्यक्ष मोहन लोधी, नपं उपाध्यक्ष कु. प्रदीप सिंह परमार, पार्षद प्रतिनिधि मिथुन सिलावट, अखिलेश पालीवाल , माही सौंधिया, कैलाश मेवाडे आदि ने यात्रियों का स्वागत किया व मंगल यात्रा की कामना की.

मंदिर डायरेक्टर महेश अग्रवाल बंटी ने सभी यात्रियों के लिए परिचय पत्र व सुठालिया से कटरा जम्मू स्थित वैष्णव देवी मंदिर तक इन यात्रियों के ठहरने आदि के लिए स्थान चिन्हित किए यात्री प्रतिदिन 100 किमी यात्रा करेंगे. शनिवार को यात्रियों ने गुना में विश्राम किया. इन यात्रियों में समीपवर्ती ग्राम मऊ से भी सुमित कुशवाहा शामिल है. अंत में सेवानिवृत्त शिक्षक रमणप्रकाश सक्सेना, रमेशबाबू कारपेंटर , युवक कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कपिल कारपेंटर, रघुवीर बना ,नवीन लोधी मनीष लोधी , कार्तिक कारपेंटर, कार्तिक सेन, करूण नामदेव आदि ने श्री कुशवाहा का हार फुल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं उनके लिए अंशदान एकत्रित कर उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान किए.

### आत्मा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित की गई. बैठक में आत्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार तथा कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि आत्मा योजना का उद्देश्य किसानों तक नवीन कृषि तकनीकों को पहुंचाना, उन्हें आधुनिक खेती का व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है.उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक नवाचार किए जाएं, ताकि किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों का लाभ मिल सके.

# शराब पीकर लहराते हुए चलाई कार, जुर्माना ठोका

## यातायात पुलिस की कार्यवाही, पीछा कर वाहन को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अगस्त, का. थाना प्रभारी यातायात देवनारायण पांडे व टीम ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान बनाया. वाहन को जब्ती में लिया गया.**

शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान खाटू श्याम मंदिर के पास हाईवे पर एक हुंडई औरा कार ऋमांक एपी 07 एके 4858 का चालक अपने वाहन को लहराते हुए चलाता हुआ दिखाई दिया. चालक के वाहन चलाने के तरीके से उसके शराब के नशे में होने का संदेह होने पर उसे पुलिस द्वारा रोककर ब्रेथ एनालाइज़र मशीन से जांच की गई. जांच में चालक द्वारा शराब का सेवन करना पाया गया. इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पंचम लाल, प्रधान आरक्षक संतोष, राजू, गौरव, पिंकल, राहुल चौहान, हरिओम एवं सुनील की सराहनीय भूमिका रही.



### जारी रहेगी कार्यवाही

यातायात निरीक्षक देवनारायण पाण्डे ने बताया कि लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों और नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही जारी रहेगी. उन्होंने बताया कि सभी चौराहों, कॉलोनियों के मेन रोड़ पर बाईकों को लापरवाही से चलाने वालों के विरूद्ध मुहिम चलाई जाएगी और चालान बनाए जाएंगे. उन्होंने बाईक चालकों से हाईवे पर हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की है. जिससे की सुरक्षा बनीं रहे. साथ ही वाहन चालकों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की गई है.

# 48 मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा, चालक पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/खिलचीपुर 01 अगस्त, का.** माँ जालपा गौशाला समिति एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 48 मवेशियों से भरे एक ट्रक को पकड़कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. माँ जालपा गौशाला समिति के पदाधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में गौवंश को ले जाया जा रहा है. सूचना मिलने पर समिति और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ में ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर आगे निकल गया. इसके बाद कार्यकर्ताओं ने ट्रक का पीछा किया और पुलिस प्रशासन को सूचना दी. पुलिस की सहायता से खिलचीपुर के जीरापुर रोड पर ट्रक को रोक लिया गया. जांच के दौरान ट्रक में 48 भैस भरी मिली. समिति के पदाधिकारियों का आरोप है कि पशुओं को ट्रक में ठूस कर वध के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था. इसके बाद ट्रक और चालक को पुलिस थाने ले जाया गया, जहां चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई. कार्रवाई के दौरान माँ जालपा गौशाला समिति के अध्यक्ष चेतराम गुर्जर सहित राधेश्याम, शक्ति, कालू, देव, कुलदीप, वैभव, अभिषेक, सुनील, गोपाल, जगमोहन वर्मा, राजू, रामबाबू, माखन, हरिओम, महेश, राहुल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे. पुलिस द्वारा दर्ज की गई धाराओं एवं गौवंश को कहाँ से लाया जा रहा था और कहाँ ले जाया जा रहा था, इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, सारंगपुर जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. सारंगपुर, क्र. / 1449/प्रवा. /2026 दिनांक 21/07/2026**

**-सूचना पत्र -**

**बनाम, 1-श्रीमति सारिका पति स्व. प्रशांत कुमार, 2-श्री अथर्व पिता प्रशांत कुमार सर्व निवासी मकान नं. 71 वार्ड नं. 05, शिवधाम कालोनी, खुजनेर रोड, राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र.**

एतद् द्वारा आपको जरिए उक्त सूचना पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 कि धारा-44 (1) के अंतर्गत अपीलार्थी भंवरलाल पिता मिश्रीलाल, पुष्पाबाई पति भंवरलाल सर्व जाति शर्मा निवासी वार्ड नं. 03, तलेन तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नाबय तहसीलदार तलेन के प्रकरण क्रमांक 0989/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 17/04/2026 में ग्राम तलेन तहसील पचोर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1419/2017 रकबा रकबा 0.048 हेक्टेयर के संबंध में अधीनस्थ तहसील न्यायालय के आदेश से असंतुष्ट होकर आपत्ति/आवेदन प्रस्तुत की गई है. अत: आप इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0043/ अपील/2026-27 में नियत पेशी दिनांक- 05/08/2026 को स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर में सुनवाई के दौरान उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम में प्रस्तुत कर सकता है. समय अवधि के बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. स्थान-सारंगपुर, दिनांक 21/07/2026

**(रोहित बम्होरे**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**सारंगपुर**

# एटीएम पिन बदलने के नाम पर 11 हजार की ठगी

## यूनियन बैंक एटीएम पर हुई वारदात

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अगस्त,का. शहर के यूनियन बैंक के एटीएम पर पिन जनरेट कराने पहुंचे एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. अज्ञात जालसाज ने मदद के बहाने युवक का एटीएम कार्ड बदल दिया और उसके खाते से 11 हजार रुपए निकाल लिए. पीड़ित ने इस संबंध में सिटी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम सांडाहेड़ी निवासी राधेश्याम सेन पुत्र लक्ष्मीनारायण सेन शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे अपनी पत्नी के एटीएम कार्ड का पिन जनरेट कराने ब्यावरा स्थित यूनियन बैंक के एटीएम पहुंचे थे. इसी दौरान एटीएम के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति आया और मदद के बहाने उनका कार्ड बदल लिया.

इसके बाद उसने खाते से 11 हजार रुपए निकाल लिए. युवक ने ठगी के बाद सिटी थाने में शिकायती आवेदन दिया है. सिटी थाना पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है. सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

राधेश्याम ने बताया कि वह एटीएम में पिन जनरेट करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उसे परेशानी हो रही थी. एक अज्ञात व्यक्ति ने कहा, भैया, आपसे नहीं बनेगा, लाइए मैं पिन जनरेट कर देता हूं. शातिर ठग ने चालाकी से उनका असली कार्ड अपने पास रख लिया और उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति का एटीएम कार्ड थमा दिया. इसके बाद वह वहां से निकल गया. इसके बाद उसके अकाउंट से पैसे कट गए.

### साड़ी चोरी की 3 आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

**ब्यावरा 01 अगस्त, का.** शहर के ओल्ड एबी रोड स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर के सामने गुरुकृपा कलेक्शन में शुक्रवार दोपहर पांच महिलाओं ने करीब 9 हजार रुपए कीमत की छह साड़ियां चोरी कर लीं.

घटना के समय दुकान संचालक बाजार गए हुए थे. दुकान पर मौजूद कर्मचारी को महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध लगीं. सीसीटीवी फुटेज देखने पर महिलाएं साड़ियां कट्टे में रखकर दुकान से निकलती दिखाई दीं.

सूचना मिलते ही दुकानदार और आसपास के व्यापारियों ने महिलाओं का पीछा किया. थाना परिसर के सामने अपना नगर मार्ग पर तीन महिलाओं को पकड़ लिया गया.

जबकि दो महिलाएं फरार हो गईं. महिलाओं को सिटी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. दुकान संचालक रूपसिंह कुशवाह ने बताया कि महिलाएं खरीदारी के बहाने कई साड़ियां देखकर बिना खरीदे चली गई थीं. सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है.

**प्रदर्शन** शुजालपुर-पचोर मुख्य मार्ग को लेकर तलेन के पास टिकरिया के ग्रामीणों ने विरोध जताया

# सड़क को लेकर चक्काजाम, धरना और गड्ढे भरकर विरोध जताया

नवभारत न्यूज

**तलेन 01 अगस्त, स. ग्राम टिकरिया के समस्त ग्रामीणों ने शनिवार को शुजालपुर-पचोर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का आरोप है कि टिकरिया-रामपुरिया मुख्य सड़क लंबे समय से कीचड़ और खराब स्थिति के कारण आवागमन के लिए बेहद कठिन हो गई है.**

कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें देने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई. आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर बैठ गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा. सूचना मिलने पर तहसीलदार, एसडीएम एवं पटवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की. अधिकारियों ने ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर टिकरिया-रामपुरिया मार्ग की मरम्मत एवं कीचड़ की समस्या का समाधान कराया जाएगा. इसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन के आश्वासन पर विश्वास जताते हुए चक्काजाम समाप्त कर मार्ग खोल दिया. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में सड़क निर्माण एवं सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे पुन: आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे.



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुद भरे सड़क के गड्ढे

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** जिला मुख्यालय की प्रमुख सड़कों पर लंबे समय से बने गड्ढों और बार-बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार देर शाम अनोखा विरोध प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने सीमेंट-कांक्रीट की सहायता से शहर के विभिन्न स्थानों पर गड्ढे भरकर प्रशासन और नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की. शहर कांग्रेस अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि शहर की सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढों के कारण आम नागरिकों, पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कई बार मांग उठाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया. इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वयं पहल करते हुए पारायण चौक, मेन मार्केट तथा नाका नंबर-3 क्षेत्र में सड़क के गड्ढे सीमेंट-कंक्रीट से भरकर विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शन के दौरान पार्षद विजयपाल सिंह भाटी, कमाल खान, मोहित तंवर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एहतेशाम सिद्दीकी, श्याम दुबे बिट्टा, राजेंद्र पुष्पद, लोकेश दुबे, आशीष सतालकर, अरशद खान, अशोक वर्मा, कुशाग्र पंचोली, शिराज खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

